
वर्ष - 01 | अंक - 84 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार , 10 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890



सूरज और बनास का मिलन...आसमान की लालिमा और पानी की झिलमिलाहट ने मिलकर आकोला में रचा स्वर्णिम शाम का मनमोहक दृश्य । जसवंत पारीक

## सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए, विपक्षी खेमे से हुई क्रॉस वोटिंग

**भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली**


देश को नया उपराष्ट्रपति मिल गया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को शिकस्त देकर यह जिम्मेदारी संभालने का रास्ता साफ कर लिया है। मंगलवार को हुए मतदान में राधाकृष्णन को 452 मत मिले, जबकि रेड्डी को 300 मत प्राप्त हुए। कुल 788 सांसदों में से 767 (98.2 प्रतिशत) ने मतदान किया। 15 मत अमान्य घोषित किए गए।

चुनाव परिणाम ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। एनडीए के पास 427 सांसदों का समर्थन था। वाईएसआर कांग्रेस के 11 सांसदों को जोड़कर यह संख्या 438 बनती है। इसके बावजूद राधाकृष्णन को



452 मत मिले। यानी विपक्ष के कम से कम 14 सांसदों ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया। भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया कि विपक्षी खेमे से 15 मतों की क्रॉस वोटिंग हुई और कुछ सांसदों ने जानबूझकर अमान्य मत भी डाले। उधर, विपक्ष का कहना है कि उनके 315 सांसद पूरी तरह एकजुट थे, लेकिन परिणाम ने इस दावे को कमजोर कर दिया।

## पुलिस की कार्रवाई : अवैध खनन करते हुए 2 जेसीबी और 3 ट्रैक्टर जब्त





**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डल।**

अवैध खनन और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत माण्डल पुलिस ने सोमवार रात बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने कोठारी नदी से अवैध बजरी खनन करते हुए 2 जेसीबी मशीनें और 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कीं।

थानाधिकारी विक्रम सेवावत ने बताया की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान कोठारी नदी पर दबिश दी। यहां 2 जेसीबी मशीनें नदी से बजरी निकालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर रही थीं। पुलिस को देखकर जेसीबी चालक मौके से भाग निकले, जबकि ट्रैक्टर चालक बजरी से भरे ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए।

पुलिस टीम ने पीछा किया तो आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके से जब्त 2 जेसीबी और 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना परिसर में खड़ा कराया गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है ।

## भाजपा बैठक में कृषि मंत्री किरोड़ी और विधायक गोठवाल आपस में भिडे , सीएम ने कराया शांत





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

भाजपा विधायक दल की मंगलवार को हुई बैठक उस समय गरमा गई, जब कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और विधायक जितेंद्र गोठवाल के बीच अफसरों पर कार्रवाई को लेकर तीखी नोकझोंक हो गई। हालात को संभालने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को खुद बीच-बचाव करना पड़ा। जानकारी के अनुसार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र में हुए जेजेएम घोटाले की जांच का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पांच अफसर दोषी पाए जाने के बावजूद सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। गोठवाल के आरोपों पर कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा भड़क गए। उन्होंने कहा कि सरकार नियमानुसार ही काम करेगी, किसी अफसर को सीधे नौकरी से नहीं निकाला जा सकता। इस बात पर दोनों नेताओं के बीच कुछ मिनट तक गर्मागर्मी चली। स्थिति को बिगड़ता देख मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीच में हस्तक्षेप किया और दोनों को शांत करवाया। इसके बाद बैठक का माहौल सामान्य हुआ।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती पड़ी महंगी, युवती के इशारे पर युवक का अपहरण और लूट

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर।**

सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती एक युवक को महंगी पड़ गई। हरियाणा की एक युवती से ऑनलाइन दोस्ती और पैसों के लेनदेन के बाद मामला इतना बढ़ गया कि युवती के इशारे पर आए बदमाशों ने युवक को उसके ही घर से अगवा कर लिया। बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर सोने की चेन, मोबाइल और नकदी लूट ली। बाद में मात्र 100 रुपए थमाकर उसे गेगल टोल प्लाजा के पास छोड़कर फरार हो गए।

**घर से अगवा कर किशनगढ़ ले गए बदमाश**

जानकारी के अनुसार आगरा गेट पट्टी कटला इलाके का रहने वाला युवक मंगलवार शाम अपनी मां के साथ कोतवाली थाने पहुंचा और पुलिस को अपहरण व लूट की आपबीती सुनाई। उसने बताया कि हरियाणा नम्बर की कार में सवार तीन बदमाश उसे बहाने से अपने साथ ले गए और किशनगढ़ ले जाकर मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उसकी एक तोला वजनी सोने की चेन, मोबाइल और 11 हजार रुपए छीन लिए। बाद में बदमाश उसे



100 रुपए देकर गेगल टोल प्लाजा पर छोड़कर भाग निकले।

**पैसों के लेनदेन से शुरू हुआ विवाद**

पुलिस जांच में सामने आया कि युवक ने युवती से ढाई लाख रुपए उधार लिए थे। इसमें से 80 हजार रुपए लौटा दिए गए थे, जबकि 1.70 लाख रुपए बाकी थे। इसी रकम को लेकर विवाद हुआ और युवती ने अपने परिचितों को अजमेर बुला लिया।

**एकतरफा प्रेम का मामला भी जुड़ा**

पुलिस की पड़ताल में यह भी सामने आया कि युवती युवक से शादी करना चाहती थी, लेकिन युवक ने इन्कार कर दिया। रिश्ते में आई दरार और बकाया रकम को लेकर मामला और उलझ गया। बताया जाता है कि युवती कुछ समय पहले अजमेर भी आई थी, लेकिन तब समझाइश कर उसे रिश्तेदारों के साथ वापस भेज दिया गया था।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## बनास नदी का रुद्र रूप, महेशपुरा-सोलंकिया का खेड़ा पुलिया पर तीन फीट पानी, मार्ग चौथे दिन भी बंद



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

(सांवर वैष्णव)। क्षेत्र से गुजर रही मेवाड़ की गंगा बनास नदी लगातार चौथे दिन उफान पर रही। नदी में बढ़ते जलस्तर के कारण कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। ग्रामीण छोटूलाल प्रजापत ने बताया कि मातृकुंडिया बांध से पानी छोड़े जाने के चलते बनास नदी पर महेशपुरा-सोलंकिया का खेड़ा पुलिया पर पानी बह रहा है। मंगलवार शाम तक पुलिया पर करीब तीन फीट से अधिक पानी चल रहा था।

वहीं, सवाईपुर चौकी व बड़लियास थाना पुलिस ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिट्टी डालकर रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया। इससे आवागमन चौथे दिन भी ठप रहा और आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई एक ट्रेलर व जेसीबी जप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोपुरा कुड़ी गांव से एक ट्रेलर व एक जेसीबी मशीन को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया । दीवान ऋषि राज ने बताया कि मंगलवार सुबह सोमपुरा गांव में अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रेलर व एक जेसीबी मशीन को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।

## अवैध वसूली और कब्जे की शिकायतों पर कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ रायपुर**

थाना पुलिस ने अवैध वसूली और अवैध कब्जे की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी अर्जुनलाल ने बताया की कोशिथल निवासी प्रहलाद सिंह पुत्र गोवर्धन सिंह राजपूत और कन्हैया लाल पुत्र मोतीलाल माली को गिरफ्तार किया है । दोनों पर कोशिथल में दुकानदारों से अवैध वसूली करने और जमीनों पर अवैध कब्जा करने के आरोप हैं। पुलिस ने बताया की ग्रामीणों की लगातार शिकायतों और 8 सितंबर को ग्रामवासियों द्वारा उपखंड अधिकारी रायपुर एवं थाने पर दिए गए ज्ञापन के बाद पुलिस ने कार्रवाई की।आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है ।

## गांव की समस्याओं और सचिव की कार्यशैली से नाराज सरपंच चढ़ा पानी की टंकी पर



**भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा।**

कानिया ग्राम पंचायत में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान नहीं होने और सचिव की कार्यशैली से नाराज होकर पंचायत सरपंच देवेंद्र सिंह सोमवार को गांव की पानी की टंकी पर चढ़ गए। अचानक हुई इस घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।

सूचना मिलते ही थानाधिकारी हनुमान सिंह चौधरी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। वहीं हुरड़ा प्रधान कृष्णा सिंह राठौड़ ने समझाइश कर सरपंच को शांत कराया। काफी मशक्कत के बाद सरपंच को टंकी से एक घंटे बाद नीचे उतारा गया।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं हो पाया। इसके साथ ही सचिव की लापरवाही और कार्यशैली से भी सरपंच नाराज थे। इन्हीं कारणों से उन्होंने यह कदम उठाया और अपनी मांगो को लेकर टंकी पर चढ़ गए ।

# रायपुर में अफीम तस्करी का मामला, दो गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ रायपुर**

मादक पदार्थ तस्करी पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है । थाना पुलिस की टीम ने गश्त और नाकाबंदी के दौरान दो कार्रवाई कर 56 वर्षीय केशर लाल जाट और 35 वर्षीय जगदीश गुर्जर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई। थानाधिकारी अर्जुनलाल गुर्जर ने बताया कि 8 सितंबर को गश्त के दौरान कोशीथल से गल्यावडी रोड पर केशर लाल जाट के कब्जे से 8





किलो 680 ग्राम अफीम डोडा साबुत, 21 किलो 110 ग्राम अफीम डोडा पाउडर और 170 ग्राम अफीम तरल पदार्थ बरामद किए गए। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

इसी क्रम में सोमवार देर रात सगरेव रोड गैस एजेंसी के पास बाईपास तिराया पर नाकाबंदी की गई। थानाधिकारी ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान सगरेव की तरफ से आ रही बोलेरो आरजे 19 युडी 3222 को चेक किया गया। वाहन में बैठे चालक जगदीश पिता मदरूप गुर्जर, उम्र 35 वर्ष, निवासी नाथडियास के पास 87.84 ग्राम अफीम (तरल पदार्थ) बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन की जीत पर भाजपा ने मनाया भव्य जश्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारत के उपराष्ट्रपति पद हेतु हुए चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन की ऐतिहासिक जीत की खुशी में भाजपा जिला संगठन ने स्थानीय सूचना केंद्र पर भव्य आतिशबाजी और नारेबाजी के साथ जश्न मनाया। कार्यक्रम वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज की मौजूदगी में आयोजित हुआ।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन, राष्ट्रवाद और विकास की विजय है। जिला महामंत्री



प्रहलाद त्रिपाठी ने इस ऐतिहासिक सफलता पर भाजपा परिवार को बधाई दी और सभी को एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ के संकल्प को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा दी.इस अवसर पर जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, जिला उपाध्यक्ष मंजू चेचानी, गोपाल तेली, कुलदीप शर्मा, अशोक तलाइच, विशाल गुरुजी, जिला मंत्री लादूलाल जाट, जिला सहकोषाध्यक्ष पंकज मानसिंहका, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, अभिश्रुता सोलंकी, शशांक बिड़ला, अनिलसिंह जादौन, भूपेंद्र सिंह, जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी, जिला आईटी संयोजक अजय नौलखा, जिला सोशल मीडिया सहसंयोजक महेंद्र नायक, प्रकोष्ठ जिला संयोजक नंदकिशोर राजपुरोहित, सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतु शेखर शर्मा, गणेश मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष भगवत सिंह राठौड़, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पूरण डीडवानिया, सी पी जोशी, सज्जन सिंह सुथार, मुकेश चेचानी, शंभूलाल वैष्णव, दलीचंद गाडरी, दिनेश विजयवर्गीय, प्रेम शंकर आचार्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# पैदल परेड के साथ दोस्त की हत्या का आरोपी रणवीर सिंह कोर्ट में पेश, दो दिन की पुलिस रिमांड पर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर में हाल ही में हुए फाइनेंस कार्मिक हत्याकांड में मुख्य आरोपी रणवीर सिंह को मंगलवार को सदर थाना पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। हत्या के आरोपी रणवीर को कोर्ट तक कलेक्ट्रेट कार्यालय से पैदल लाया गया, जहां उसे देखने के लिए लोगो की भीड़ जमा हो गई । पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच आरोपी को कोर्ट में पेश किया । जहां से उसे 2 दिन की पुलिस रिमांड पर



भेजा गया है। गौरतलब है की आजाद नगर निवासी और फाइनेंस कंपनी में कार्यरत कमलेश सुथार की शनिवार रात ओम नगर में गला काटकर हत्या कर दी गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी रणवीर , कमलेश द्वारा उसकी मां को फोन किए जाने पर नाराज था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया।

पुलिस ने घटना के तुरंत बाद ही आरोपी रणवीर सिंह को डीटेन कर अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां आरोपी इलाजरत था । डिस्चार्ज होने के बाद सोमवार को उसे गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया।

# ट्रेलर-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

थाना क्षेत्र के इच्छामणि होटल के पास मंगलवार रात बाइक और ट्रेलर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई । जिसमे एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि पीपली निवासी कैलाश चंद्र (23) पुत्र देबीलाल माली बाइक से बीगोद की ओर आ रहा था। इस दौरान हादसा हो गया । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

शव को एंबुलेंस की सहायता से मांडलगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मोर्चरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम बुधवार सुबह किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है






QUICK BITES

## पटवार संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



राजस्थान पटवार संघ उपशाखा की ओर से मंगलवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें डीसीएस गिरदावरी में लोकेशन डिसेबल कराने की मांग की गई।

पटवार संघ ने ज्ञापन में बताया कि प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के कारण खेतों में पानी भर गया है और रास्तों में जलजमाव हो जाने से खेतों तक पहुँचना असंभव हो गया है। ऐसे हालात में गिरदावरी कार्य में कठिनाइयाँ आ रही हैं। संघ ने मांग की कि लोकेशन डिसेबल कर अल्प समय में गिरदावरी कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि नुकसान-खराबा की 7 डी रिपोर्ट शीघ्र तैयार हो सके।

ज्ञापन तहसील उपशाखा अध्यक्ष बजरंग लाल सैनी के नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान उपाध्यक्ष सरिता, पटवारी डूंगर राम चौहान, महेश कुमार रैगर, प्रदीप अग्रवाल, मनोज चावला, अजय खटीक, ऊषा मीणा, धनसुखी कुमावत, आसाराम मीणा और मोहम्मद शकील अली मौजूद रहे।

## आरयूआईडीपी द्वारा वृक्षारोपण महाअभियान : बच्चों ने लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंड गेट परिसर में आरयूआईडीपी की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई (कैप्प) की ओर से एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कैप्प इकाई के महेंद्र सिंह राणावत ने विद्यालय के बच्चों को संकल्प दिलाया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने बच्चों को जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाने और विद्यालय को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवी लाल बैरवा ने भी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर मार्गदर्शन दिया और बताया कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# बालिका भिक्षावृत्ति पर कार्रवाई, दो नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित स्थान पर भेजा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

बाल अधिकारिता विभाग और जिला बाल संरक्षण इकाई के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने हरणी महादेव मंदिर के बाहर भिक्षावृत्ति कर रही दो नाबालिग बालिकाओं को मुक्त करवा कर सुरक्षित आश्रय पर पहुंचाया। यह कार्रवाई मानव तस्करी और बाल शोषण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई । बालिकाओं को बाल कल्याण समिति के सदस्य विनोद




राव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति की अध्यक्ष चंद्रकला ओझा और सदस्य विनोद राव के निर्देशानुसार बालिकाओं को सखी सेंटर में रखा गया। साथ ही बालिकाओं के परिवार से संपर्क कर उन्हें बालिकाओं से भिक्षावृत्ति न करवाने के लिए पाबंद किया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया, काउंसलर निर्मला पुरोहित, सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर, केस वर्कर सुमन साहू और शिवराज खटीक, तथा सिटी कोतवाली पुलिस से हेड कांस्टेबल पिंकी आचार्य मौजूद रहे और कार्रवाई में सहयोग किया।

# किसानों ने अतिवृष्टि से फसल खराबे पर मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती रेड़वास ग्राम पंचायत क्षेत्र के किसानों ने मंगलवार को अतिवृष्टि से हुई फसलों की बर्बादी को लेकर कोटड़ी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।ग्रामीण महावीर जाट ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से किसानों की फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं। इससे उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है, वहीं कई जगह किसानों के कच्चे मकान भी ढह गए हैं। किसानों ने ज्ञापन में मांग की कि केसीसी ऋण माफ किए जाएं, फसलों



के नुकसान का तत्काल मुआवजा दिया जाए और जिन किसानों के मकान ढह गए हैं, उनका सर्वे कर उन्हें उचित सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाए। किसानों ने कहा कि इस संकट की घड़ी में वे प्रशासन से राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। ज्ञापन देते समय सत्यनारायण शर्मा, मगना लाल जाट, पूरण सिंह, सांवर सिंह, रामकिशन जाट, महावीर सेन, शंकर शर्मा, लादू जाट, कमलेश जाट , राजेन्द्र कुमार शर्मा, लादू लाल वैष्णव, नारायण तेली, मुकेश साहू, कालू जाट, रामकुमार जाट, अखिल जाट, लोकेश कुमार, नीरज कुमार, कैलाशचन्द्र, बालूलाल, अशोक कुमार, हरिशंकर, रतनलाल, लादू लाल सेन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# मोमी में सम्पन्न हुई 69वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता, बालिकाओं ने जीती चैम्पियनशिप

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।

नेशनल हाईवे 758 स्थित ग्राम पंचायत गुरला के मोमी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन चार दिवसीय कार्यक्रम के बाद हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रत्याशी रायपुर-सहाड़ा से राजेन्द्र त्रिवेदी रहे, जबकि अध्यक्षता कारोई सरपंच भगवीलाल टेलर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कन्हैया गुर्जर, विशाल व्यास, नारायण माली, अंकुर त्रिवेदी, श्रवण पहलवान एवं रामपुरी गोस्वामी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर उप सरपंच गौरीशंकर माली, सोहन लुहार, नारायण सिंह, प्रहलाद रेबारी, शंकर प्रजापत, माधु सिंह, भंवर सिंह रावत, श्रवण, भगा रेबारी, कालू रेबारी, बदर रेबारी, उदा रेबारी और थाना रेबारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोमी की बालिकाओं ने चैम्पियनशिप अपने नाम की। मोमी की रूपा रेबारी का राज्य स्तर पर चयन हुआ। वहीं कृष्णा रेबारी, खुशी जाट, मंजू जाट, अनुसया लुहार, संतरा रेबारी, दुदिया रेबारी और राखी माली ने दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।प्रधानाचार्य एवं विद्यालय स्टाफ ने बालिकाओं की इस उपलब्धि पर उन्हें और प्रशिक्षक मोहन मीणा को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन गोपाल लाल टेलर ने किया।

# भीलवाड़ा में 'आदि कर्मयोगी उत्तरदायी शासन अभियान' कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिले में जनजातीय सशक्तिकरण के लिए चल रहे आदि कर्मयोगी उत्तरदायी शासन अभियान के क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने की।

अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिनिधित्व को सरकारी सेवाओं में बढ़ाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

कार्यशाला के दौरान जिला कलेक्टर ने अभियान के तहत अब तक की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को अभियान में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया।

बैठक में पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से अधिकारियों को अभियान के उद्देश्यों और क्रियान्वयन की रूपरेखा बताई गई। साथ ही आदिवासी समुदाय की सरकारी सेवाओं में भागीदारी बढ़ाने के उपायों पर विस्तार




से चर्चा की गई।

कलेक्टर संधू ने कार्यशाला के बाद अधिकारियों को अभियान की नियमित निगरानी करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इस दौरान धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में जिला परिषद सीईओ चंद्रभान भाटी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद

# कृषि पर्यवेक्षकों को किसानों के खेतों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले में किसानों की समस्याओं के समाधान और विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाने के उद्देश्य से मंगलवार को आत्मा सभागार में कृषि विभाग की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक कृषि विनोद कुमार जैन ने की, जिसमें सहायक कृषि अधिकारी और कृषि पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

संयुक्त निदेशक जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों के खेतों का नियमित निरीक्षण करें और यदि कहीं कीट या व्याधि का प्रकोप दिखाई दे तो पैकेज ऑफ प्रैक्टिस के तहत तकनीकी सलाह तुरंत उपलब्ध कराएँ। साथ ही उन्होंने विभागीय योजनाओं का अधिक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया, ताकि किसान समय पर उनका लाभ उठा सकें।



उन्होंने कहा कि किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जाए, जिससे मृदा की उर्वरा क्षमता बनी रहे और उत्पादन में बढ़ोतरी हो। बैठक में तारबंदी, फार्म पॉन्ड, सिंचाई पाइपलाइन, कृषि यंत्रों और गोवर्धन जैविक योजनाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए।

सहायक निदेशक डॉ. धीरेन्द्र सिंह ने परंपरागत विकास योजना, नमसा योजना, प्राकृतिक खेती, फसल प्रदर्शन और मिनिकिट निरीक्षण पर जानकारी दी। कृषि अधिकारी प्रियंका पारीक ने कृषि यंत्र और फार्म पॉन्ड योजना में अनुदान प्रक्रिया बताई, जबकि कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने तारबंदी योजना और भूमिहीन कृषक संबल योजना पर प्रकाश डाला। कृषि अन्वेषक मदन लाल जाट ने खरीफ फसल कटाई प्रयोग की जानकारी साझा की।

बैठक में सहायक कृषि अधिकारी श्याम लाल तम्बोली, दिनेश पंवार, गोविन्द सहाय शर्मा, प्रहलाद राय सारस्वत, कालू राम जाट, विनोद माणम्या सहित अनेक कृषि पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

# दिगंबर जैन समाज ने हर्षोल्लास से मनाया क्षमावाणी पर्व, तपस्वी व प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ विजयनगर।

श्री दिगंबर जैन समाज विजयनगर द्वारा आत्मशुद्धि का दसलक्षण महापर्व क्षमावाणी सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने आपसी बैर-भाव मिटाकर एक-दूसरे से क्षमा याचना की और भाईचारे का संदेश दिया।

सुबह संजयनगर रोड स्थित श्री शांतिनाथ जिनायतन मंदिर में भगवान शांतिनाथ का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। इसका सौभाग्य पाटनी परिवार एवं बड़जात्या परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद जैन नवयुवक मंडल द्वारा चंदाप्रभु संस्थान में समाज की गोठ आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।




शाम को स्थानीय श्री चंदाप्रभु दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में क्षमावाणी पर्व का आयोजन हुआ। इसमें भगवान चंदाप्रभु का अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई। इसका सौभाग्य गोधा परिवार को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर आयोजित तपस्वी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में अनिष्का जैन 5 उपवास, अरिहंत गोधा, लक्ष्य जैन, शशि बड़जात्या, ज्योति अजमेरा और रिंकू सोनी सहित अन्य तपस्वियों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान सकल दिगंबर जैन समाज की कार्यकारिणी का भी समाजहित और धार्मिक गतिविधियों में योगदान के लिए सम्मान किया गया। विधानकर्ता डॉ. मीना दीदी एवं साधना दीदी ने प्रवचन देकर क्षमावाणी पर्व का महत्व बताया।

अंत में जिनेंद्र भगवान के समक्ष वर्षभर हुई गलतियों के लिए सामूहिक क्षमा याचना कर समाजजनों ने पर्व मनाया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री पदम अजमेरा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बेटियों ने दिखाया दम, जूडो प्रतियोगिता में 185 प्रतिभागियों ने किया शानदार प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय जूडो महासंघ व खेलो इंडिया के तत्वावधान में तथा राजस्थान जूडो संघ के निर्देशानुसार महिला जूडो प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और आत्मरक्षा कौशल को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अस्मिता महिला जूडो सिटी लीग प्रतियोगिता का सफल आयोजन कोठारी पैलेस, पुर-भीलवाड़ा में हुआ। प्रतियोगिता में सब-जूनियर, कैडेट और सीनियर वर्ग की कुल 185 महिला खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में भाग लेकर दमखम दिखाया।



जूडो सचिव चेतन चोबे ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सुभाष बेहड़िया, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी और गिरीराज चौबे सहित अन्य गणमान्यजनों द्वारा किया गया।

मैट पर उतरी महिला खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से आयोजन स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवस्थी ने कहा कि केन्द्र सरकार का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को खेल के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मरक्षा व आत्मविश्वास के लिए सशक्त बनाना है। उन्होंने इसे सराहनीय कदम बताया।

प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को महापौर राकेश पाठक, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) रामेश्वर बाल्दी, लाजपत आचार्य, लाभशंकर चौबे, सूरज कुमार विश्नोई, कालूलाल माली, केसर सिंह, जगदीश जाट सहित अन्य गणमान्यजनों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर भगवती लाल शर्मा, पुष्कर राजोरा, मनोज चोबे, जगदीश राजोरा, शिवलाल खारोल, देवीलाल खारोल, यशराज खोईवाल, बाबूलाल गाडरी, नारायण गाडरी, भंवरलाल जाट, रतन आचार्य, परसराम जाट सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# जिंदल कंपनी ने तोड़ा वादा, विधायक कोठारी ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर के समीप खनन कार्य कर रही जिंदल सॉ लिमिटेड द्वारा वर्ष 2011 में जिला प्रशासन से किए गए समझौते की शर्तों का पालन नहीं करने पर शहर विधायक अशोक कोठारी ने विधानसभा में सरकार से जवाब मांगा है।

समझौते के तहत कंपनी को शहर का पानी लेने के बदले रामधाम के सामने आरओबी सहित कई विकास कार्य करने थे, लेकिन अब तक शर्तों की पालना नहीं की गई।

कोठारी ने आरोप लगाया कि कंपनी नगर निगम को दिए गए भुगतान को सीएसआर खर्च बताकर कर बचा रही है, जबकि यह जल प्रतिफल की राशि है। विधायक ने सरकार से मांग की है कि कंपनी से तत्काल समझौते की शर्तें लागू करवाते हुए या तो आरओबी का निर्माण कराया जाए अथवा इसकी अनुमानित लागत डीएमएफटी फंड में जमा करवाई जाए, ताकि शहर के विकास कार्य हो सकें।

## QUICK BITES

### देव नारायण भगवान का निकला भव्य जुलूस, गुलाल और पुष्पवर्षा से गूंजा गाँव

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



नेशनल हाईवे 758 स्थित गुरला देव मगरी पर भादवा माह में चल रही अखंड ज्योत के अवसर पर मंगलवार को देव नारायण भगवान का भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए, जिन्होंने डीजे की धुन पर गाते-नाचते हुए पूरे गाँव में शोभायात्रा निकाली।

देव नारायण भगवान की सेवा और तस्वीर को घोड़े पर सवार कर ले जाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह गुलाल और पुष्पवर्षा कर उत्सव का माहौल बना दिया। जुलूस देव नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर, बड़ा मंदिर, जैन मंदिर, सहकारी समिति, रामदेव मंदिर होते हुए पुनः देव नारायण मंदिर पहुँचा।

शाम को मंदिर प्रांगण में बगड़ावत कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जबकि बुधवार सुबह महाप्रसादी का आयोजन होगा।

### पत्रकार मीणा ने नाव से पहुंचाई राहत सामग्री

भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।



सावर क्षेत्र के चिकल्या और लोधा झोपड़ा गांवों का लगातार बारिश से कस्बों और शहरों से संपर्क कई दिनों से टूट गया है। सड़क मार्ग बाधित होने से ग्रामीणों को खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसे हालात में मंगलवार को भीलवाड़ा फोकस के पत्रकार दिलखुश मीणा ने नाव चालक गोपाल मीणा की मदद से नाव द्वारा गांव तक पहुंच बनाई और जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इसमें दैनिक उपयोग का राशन उपलब्ध कराया गया।

राहत वितरण के दौरान रामचरण मीणा, समाजसेवी देबी लाल, शंकर लाल मीणा, गोमाराम मीणा, विजय पाल लोधा, अंबा लाल मीणा, जीवन मीणा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### बौद्धिक दिव्यांग विद्यालय में माहेश्वरी महिला संगठन ने कराया कार्यक्रम, सहयोग राशि भी भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नगर माहेश्वरी महिला संस्थान के तत्वावधान में आजाद नगर माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से बौद्धिक दिव्यांग पुनर्वास गृह एवं विशेष विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्थान अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, जिलाध्यक्ष प्रीति लोहिया व जिला सचिव भारती बाहेती उपस्थित रहीं। बच्चों द्वारा गायत्री मंत्र और राष्ट्रगान का सामूहिक पाठ सभी के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान बच्चों को ड्राइंग शीट भेंट की गई।

आजाद नगर अध्यक्ष डॉ. राखी राठी ने बताया कि साक्षरता दिवस पर संस्था प्रधान मधु काबरा, आशा काबरा, प्रेमलता ओझा व विनीता चौधरी का सम्मान श्रीफल अर्पण से किया गया। दिव्यांग बच्चों को भोजन कराया गया तथा मानकंवर काबरा द्वारा जरूरत की सामग्री हेतु सहयोग राशि प्रदान की गई।

आजाद नगर सचिव संगीता काकानी ने बताया कि इस अवसर पर शोभा बजाज राठी, सुनीता लढा, सीमा मालीवाल, आभा सोमानी, रेखा धुत, प्रेम सुधा अजमेरा, सुनीता ईनाणी, शीतल बिड़ला, सुमन चौधरी, ममता चेचानी, शीतल अजमेरा, प्रीति चांडक, मधु सोडाणी, सोनल माहेश्वरी, पायल सेठिया, अंजली तोषनीवाल व उमा धुत सहित बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रहीं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।